डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्ती : आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांकः सम्ब0/529/2023
दिनांक 07/10/2023

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या/प्रबन्धक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
सम्बद्ध डा0 भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय,
आगरा।

विषयः—समस्त डिग्री कालेज (उच्च शिक्षण संस्थान) में अग्निशमन व्यवस्था व अनापत्ति प्रमाण पत्र के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक मुख्य अग्निशमन अधिकारी, मैनपुरी के पत्र संख्या सी0एफ0ओ0—विविध (निरीक्षण) /2022/(70) दिनांक 23 सितम्बर, 2023 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा ''जनपद—**मैनपुरी में संचालित डिग्री कालेज (उच्च शिक्षण संस्थान) में अभियान चलाकर निरीक्षण किया गया तो जनपद में अधिकांश कालेजों में प्राथमिक अग्निशमन व्यवस्थाये तो अधिष्ठापित हैं परन्तु वर्तमान समय में न तो कार्यशील दशा में है न ही मानक के अनुरूप हैं। जनपद में संचालित अधिकांश कालेजों में अनापत्ति प्रमाण पत्र कालेज प्रबन्धकों द्वारा प्राप्त नही किये गये हैं''** अवगत कराया गया है। शासन की अपेक्षानुसार उच्च शिक्षण संस्थानों में अग्निशमन व्यवस्थाओं को मानक के अनुसार पूर्ण कराकर व अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु **निवेशमित्र वेवसाइट http://niveshmitra.up.nic.in पर ऑनलाइन आवेदन करने के लिये निर्देशित किया गया है।**

अतः उक्त के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध **(जनपद—आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी)** समस्त महाविद्यालयों का पुनः निर्देशित किया जाता है कि अग्निशमन प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु निवेशमित्र वेवसाइट http://niveshmitra.up.nic.in पर ऑनलाइन आवेदन कर प्रमाण पत्र अतिशीघ्र विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

कुलसचिव

प्रतिलिपिः—

1. अधीक्षक—कुलपति सचिवालय, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. कार्यालय मुख्य अग्निशमन अधिकारी, आगरा, मथुरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी।
3. अधिकृत एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना समस्त महाविद्यालयों की लोगिन एवं विश्वविद्यालय बेवसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।
4. गार्ड फाइल।

कुलसचिव

Affisvlett